**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**10.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**मुख्य समाचार''**

- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी–आज चौथे दिन भरे गए 18 नामांकन।
- कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा के राजीव भारद्वाज और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सतपाल रायजादा ने भरा पर्चा।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– राज्य सरकार ने जनहित में लिए कई निर्णय–भ्रष्टाचार पर लगाया अंकुश।
- राज्य के अनेक स्थानों पर आज व कल वर्षा व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट।

**नामांकन**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर उप–चुनाव के लिए नामांकंन प्रक्रिया जारी है। उम्मीदवार 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं और अगले दिन 15 मई को इनकी जांच होगी। इच्छुक प्रत्याशी 17 मई तक अपने नामांकन वापिस ले सकेंगे। नामांकन भरने के आज चौथे दिन प्रदेश में 18 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए। इनमें कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजप के राजीव भारद्वाज, हमीरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सत्तपाल रायजादा, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा, इसी सीट पर कांग्रेस के रणजीत सिंह, बड़सर से भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से भाजपा के देवेन्द्र कुमार और कांग्रेस के विवेक शर्मा शामिल हैं।

**अनुराग–जयराम**

कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजीव भारद्वाज के नामांकन के समय पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा भी मौजूद रहे। सुजानपुर में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। जबकि बड़सर में आई.डी. लखनपाल के नामांकन के समय केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद सुजानपुर में भाजपा की एक रैली को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और हिन्दुओं को अपमानित करने का आरोप लगाया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण का पोषण करने वाली कांग्रेस पार्टी हिंदुत्व से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान

के समर्थन में बयानबाजी करते हैं और वहां पाकिस्तान के नेता भी भारत में कांग्रेस सरकार बनने की पैरवी करते हैं। अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर कांग्रेस और पाकिस्तान के इस प्रेम का क्या कारण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सभी गारंटियां झूठी हैं और कांग्रेस सरकार ने अभी तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं की है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने सेना को सशक्त बनाया है और आज दुनिया में भारत की ताकत का डंका बज रहा है।

रैली को सम्बोधित करते हुए विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर जन प्रतिनिधियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की तानाशाही के कारण हमीरपुर जिले के तीन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट सत्र में सरकार बचाने के लिए भाजपा के 15 विधायकों को निष्कासित किया गया लेकिन अब ये सरकार कुछ दिनों की मेहमान है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई है और विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों के साथ किए गए वायदों को पूरी तरह भूल चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल विकास को समर्पित रहा है और इस दौरान कई एतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

**सुक्खू**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोकसभा चुनाव व विधानसभ उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया। हमीरपुर में आज पार्टी की एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर हमीरपुर जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार ने हमीरपुर जिले को मंत्रिमण्डल में कोई स्थान नहीं दिया और 5 वर्षों में जिले में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जनहित में कई निर्णय लिए हैं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमीरपुर जिले में कई विकास कार्य शुरू किए हैं और जिले में विकास की गति बढ़ाई गई है। प्रदेश पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस मौके मौजूद रहे।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की अनेक पंचायतों में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने सुन्नी बाजार में जन सम्पर्क के माध्यम से लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की। सुरेश कश्यप ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार का पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल शानदार रहा है और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश को और अधिक शक्तिशाली बनाने का चुनाव है।

**विक्रमादित्य सिंह**

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज किन्नौर जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन के विकास के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और नौतोड़ की बहाली व वन अधिकार उनकी प्राथमिकता रहेगी। विक्रमादित्य सिंह ने

कहा कि किन्नौर जिले के साथ पारिवारिक रिश्ता है जबकि भाजपा प्रत्याशी के पास न कोई सोच है और न ही कोई विज़न। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना बहाल की है और महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रति महीना देने की गारंटी को पूरा किया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि वे मण्डी क्षेत्र के विकास के विज़न को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं और लोगों का उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी रैली को सम्बोधित किया।

**कंगना**

दूसरी ओर मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने आज कुल्लू जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। मनाली की वॉशिंग पंचायत में एक चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कंगना रणौत ने कांग्रेस सरकार पर विकास कार्य ठप्प करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मनाली सहित मण्डी संसदीय क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए।

**कुलदीप राठौर**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व विधायक कुलदीप राठौर ने आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा भरे जा रहे नामांकन पत्रों के समय भारी भीड़ उमड़ रही है जो कांग्रेस पार्टी में जनता के विश्वास को दर्शाता है। कुलदीप राठौर ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

**मतदाता जागरूकता**

मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने कल शाम धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान पुलिस बैंड हारमनी ऑफ पाईन्ज द्वारा रचित चुनावी थीम सान्ग जारी किया। इस थीम सान्ग को स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर चलाया गया। मुनीष गर्ग ने बताया कि इस गीत को हिन्दी, राजस्थानी, मराठी, बांग्ला और पंजाबी सहित देश की 10 अलग–अलग भाषाओं में गाया गया है।

**स्वीप कार्यक्रम**

अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल पर आज निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना इसमें विशेष रूप से शामिल रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने मुख्य सचिव को चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक किया गया।

**धामी केन्द्र**

शिमला के जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने राजकीय डिग्री कॉलेज धामी के बजाए अब राजकीय प्राथमिक पाठशाला घण्डल में नया मतदान केन्द्र बनाने की अनुमति दे दी है। राजकीय डिग्री कॉलेज धामी को प्राकृतिक आपदा के चलते असुरक्षित घोषित किया गया है।

## हाईकोर्ट

निर्दलीय प्रत्याशियों के इस्तीफे स्वीकार न करने के मामले पर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस मामले पर दो जजों की खण्डपीठ में अलग–अलग मत होने के कारण इसे तीसरे जज को रैफर किया गया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने इस मामले पर अगली सुनवाई 28 मई को तय की है।

वहीं दूसरी ओर सीपीएस मामले पर भी आज उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रतिवादी पक्ष की मांग पर सरकार को 20 और 21 मई को दलीलें पूरी करने का समय दिया है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज शाम हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने आज और कल अनेक भागों में आंधी तूफान के साथ वर्षा व ओला वृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिन अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई गई है।